**Regarding need to demolish dilapidated building of Railway Department in Sabale Nagar, Kurla East, Mumbai-Laid**

प्रो**.** वर्षा एकनाथ गायकवाड़ **(**मुम्बई उत्तर**-**मध्य**) :** मैं सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के मुंबई शहर के कुर्ला (पूर्व) स्थित साबळे नगर की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जहाँ रेलवे विभाग की खाली एवं जर्जर इमारत बीते 15 वर्षों से खतरनाक स्थिति में है । इस इमारत की संरचना अत्यंत जर्जर हो चुकी है, इसके स्लैब कमजोर पड़ चुके हैं और इसमें दरारें आ गई हैं, जिससे यह कभी भी गिर सकती है । यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और आसपास रहने वाले नागरिकों के जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है । मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इस गंभीर विषय पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा एवं उनके जीवन की रक्षा के लिए इस खतरनाक इमारत को तुरंत गिराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके ।